सी.एस.आई.आर.-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला
जमशेदपुर-831007

सं.: रा.धा.प्र./20/16/पत्रिका/2021 दिनांक: 16/12/2021

सूचना

विषय: प्रयोगशाला की हिन्दी पत्रिका हेतु वैज्ञानिक तथा साहित्यिक रचना का आमंत्रण।

सीएसआईआर के पत्रांक 20-10(2)/2001-राभा दिनांक 22/09/2021 (प्रति संलग्न) के आलोक में भारत संघ की राजभाषा तथा अन्य प्रादेशिक भाषाओं के विकास , संवर्धन एवं संरक्षण के संबंध में विशेष आग्रह किया गया है और इस दिशा में आवश्यक पहल करने हेतु पत्रिका-प्रकाशन को आवश्यक माना गया है ताकि भारतीय भाषाओं में अभिव्यक्त रचना-सामग्री आमजनों की भाषा में सहजतापूर्वक उपलब्ध हो सके।

अतः हिन्दी पत्रिका के प्रकाशन हेतु प्रयोगशाला के सभी स्थायी तथा अस्थायी कार्मिकों से रचनायें आमंत्रित की जाती हैं। पत्रिका-प्रकाशन हेतु वैज्ञानिक तथा साहित्यिक रचनायें हिन्दी भाषा में आमंत्रित की जाती है। वैज्ञानिक या साहित्यिक रचनायें 31 दिसंबर, 2021 तक हिन्दी प्रकोष्ठ में जमा की जा सकती हैं। प्रयोगशाला में कार्यरत कोई भी कार्मिक , परियोजना सहायक, जे.आर.एफ., एस.आर.एफ. एवं छात्र इसमें भाग ले सकता है। रचनाओं के अन्तर्गत वैज्ञानिक लेख, शोध-पत्र, कहानी, कविता, आलोचना, समीक्षा, रिपोर्ताज, यात्रा-संस्मरण आदि किसी भी विषय पर रचना भेजी जा सकती है। रचना स्वयं द्वारा रचित होनी चाहिये।

विदित हो कि रचनायें कार्मिकों की सृजनात्मक प्रतिभा को नयी उड़ान देती है और आमजन की भाषा सहजतापूर्वक हृदय को संस्पर्शित करती है।

पुरुषोत्तम कुमार

डॉ. पुरुषोत्तम कुमार
वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी (चयन ग्रेड)